## सिंगापुर की एसटी टेलीमीडिया ग्लोबल डाटा सेंटर इण्डिया निवेश के साथ सेंटर का विकास भी करेगी

# नोएडा में 600 करोड़ के निवेश से बनेगा डाटा सेंटर

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

सिंगापुर की एसटी टेलीमीडिया ग्लोबल डाटा सेंटर इण्डिया नोएडा एक ग्रीनफील्ड डाटा सेंटर कैंपस विकसित करने को तैयार हो गई है। पहले चरण में 600 करोड़ रुपये का निवेश होगा।

औद्योगिक विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार के साथ हुई बैठक में कंपनी ने बताया कि पहले चरण में उसके द्वारा 600 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश के साथ 18 मेगावाट की क्रिटिकल आईटी



क्षमता वाले डाटा सेंटर कैंपस को विकसित करना प्रस्तावित है। इस परियोजना में लगभग 30-40 प्रत्यक्ष और लगभग 550 परोक्ष रोजगार के अवसरों के सृजन की सम्भावना है।

उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में डाटा सेंटर विकास और संचालन क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए अनेक कदम उठा रही है। आलोक कुमार ने कहा कि नोएडा में प्रस्तावित डाटा सेंटर कैंपस को औद्योगिक हब और राष्ट्रीय राजधानी के निकट होने के साथ सुलभ अंतर्राष्ट्रीय कनेक्टिविटी का भी लाभ उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि नोएडा में और उसके आसपास के क्षेत्र में बड़ी संख्या में उद्योगों और प्रमुख आईटी कंपनियों की उपस्थिति से इस क्षेत्र को उत्तर भारत में एक प्रमुख डाटा सेंटर हब के रूप में विकसित करने में सहायता मिलेगी।

निवेशक द्वारा नोएडा में लगभग तीन एकड़ की जमीन विकसित कर ली गई है।

**18** मेगावाट की क्षमता वाले कैंपस विकसित करना प्रस्तावित

**11** सौ करोड़ रुपये का कुल निवेश परियोजना में प्रस्तावित है